प्रेस नोट – थाना साइबर क्राइम
जनपद शाहजहाँपुर

प्रेस नोट-सराहनीय कार्य दिनांक : 09.04.2025

“थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा साइबर क्राइम थाना पर पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित वादी के साथ हुई ऑनलाइन धोखाधड़ी की शत प्रतिशत धनराशि रु0 12,82,371 (बारह लाख बयासी हजार तीन सौ इकहत्तर) /- वापस कराई गयी”

दिनाँक 02.01.2025 को श्री जान्सन पटेल पुत्र श्री प्रमोद कुमार वर्मा निवासी रौतापुर कलां थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर द्वारा उपस्थित थाना आकर अवगत कराया कि उसके साथ इन्श्योरेन्स इन्वेस्टमेन्ट पर फोन कर बीमा पॉलिसी पर ब्याज सहित दिलवाने के नाम पर 12 लाख 80 हजार रुपये की ऑनलाइन धोखाधडी कर ली गयी है। वादी के साथ हुई इस धोखाधडी पर थाना साइबर क्राइम पर तत्काल मु0अ0सं0 01/2025 धारा 318 (4) बीएनएस व 66 डी आई.टी. एक्ट पंजीकृत कर विवेचना निरी0 श्री इन्द्रपाल सिंह थाना साइबर क्राइम शाहजहाँपुर को सुपुर्द की गयी।

साइबर अपराध की इस घटना को श्रीमान पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर महोदय द्वारा गम्भीरता से लिया गया तथा श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी अपराध के पर्यवेक्षण, प्रभारी थाना साइबर क्राइम के कुशल नेतृत्व में साइबर क्राइम की इस घटना से सम्बन्धित धनराशि को रिकवर कराने के सम्बन्ध प्रभारी निरीक्षक/विवेचक को कडे दिशा निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक/विवेचक द्वारा मय थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा वादी से उपरोक्त घटना से सम्बन्धित दस्तावेजों सहित जिन खातो में धनराशि ट्रांसफर की गयी थी डिटेल प्राप्त करते हुये सम्बन्धित बैंकों को मेल कर खाते फ्रीज कराये गये तथा सम्बन्धित धनराशि को वादी के खाते में वापस कराये जाने हेतु समन्वय स्थापित किया गया।

इसी क्रम में वादी श्री जान्सन पटेल पुत्र श्री प्रमोद कुमार वर्मा निवासी रौतापुर कलां थाना खुटार जनपद शाहजहाँपुर द्वारा तहरीर प्रस्तुत कर अवगत कराया कि उसके साथ इन्श्योरेन्स इन्वेस्टमेन्ट के नाम पर हुई आनलाइन धोखाधडी से सम्बन्धित धनराशि 12 लाख 82 हजार 371 रु0 उसके खाते में सकुशल वापस हो गये है।

मुकदमा उपरोक्त में साइबर क्राइम थाना जनपद शाहजहांपुर पुलिस टीम द्वारा की गई इस कार्यवाही से वादी ने पूर्ण रुप से संतुष्ट होकर भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुये धन्यवाद दिया गया।

पुलिस टीम का विवरण:-

1-निरीक्षक श्री इन्द्रपाल सिंह प्रभारी साइबर क्राइम थाना शाह0
2-उ0नि0 रोहित कुमार साइबर क्राइम थाना शाह0
3- उ0नि0 श्री लोकेन्द्र सिंह
4-हे0का0 सुजीत कुमार साइबर क्राइम थाना शाह0
5- का0 अखिलेश कुमार साइबर क्राइम थाना शाह0

6- का0 पुष्पेन्द्र कुमार
7- का0 सचिन नागर
8- म0का0 प्रिया
9- म0का0 मोनिका गौतम

जागरुक रहे-सजग रहे, साइबर अपराध से सुरक्षित रहे।
साइबर अपराध होने पर तत्काल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नं0 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज कराये।

मीडिया सेल, जनपद शाहजहाँपुर।